ब न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या 45/2020

मालती कुमारी –बनाम–राज्य

तारिख	–:आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षरः–	अभियुक्ति
	आवेदिका मालती कुमारी, पति शिवशंकर यादव साकिन छुटहरीकटिया, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग ने आवेदन समर्पित किया है कि मौजा–छुटहरीकटिया, थाना–बरकट्ठा, थाना नं0–02, जिला–हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 20, प्लॉट नं0 773, रकबा 02 डी0 एवं प्लॉट नं0 1103, रकबा 02 डी0 भूमि बिक्रेता शिवशंकर यादव से क्रय की गयी है, प्रश्नगत भूमि की दाखिल खारिज हेतु आंवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा में ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया गया था जिसके आलोक में दाखिल खारिज वाद सं0–372R27/2019-20 द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा ने दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया। आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दाखिल खारिज को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। अंचल अधिकारी द्वारा अस्वीकृति का कारण राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आलोक में दाखिल खारिज अस्वीकृत किया जा सकता है। राजस्व कर्मचारी का मंतव्य खेसरा का विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है। सही खेसरा का विवरण प्रविष्टि होने के पश्चात दाखिल खारिज किया जा सकता है। अंचल अधिकारी, बरकट्ठा के पत्रांक 12, दिनांक 09.01.2021 द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त है जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि दाखिल खारिज वाद सं0 372R27/2019-20 में विक्रेता के जमाबंदी पर खेसरा संख्या ऑनलाईन अपलोड नहीं रहने के कारण अस्वीकृत किया गया है। क्रेता एवं विक्रेता द्वारा कोई राजस्व कागजात का प्लॉट दर्ज हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतएव मालती कुमारी, पति शिवशंकर यादव साकिन छुटहरीकटिया, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को निदेशित किया जाता है कि खेसरा का विस्तृत विवरणी अपलोड करने हेतु जमाबंदी रैयत का दस्तावेज एवं आवश्यक राजस्व कागजात अंचल कार्यालय बरकट्ठा में जमा करना सुनिश्चित करें। अंचल अधिकारी, बरकट्ठा को आदेश दिया जाता है कि आवेदिका के प्रश्नगत भूमि पर दखल कब्जा एवं जमा किये गये राजस्व कागजात जाँचोपरांत सही पाया जाता है तो नियमानुसार ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुए पंजी–II में प्रश्नगत भूमि की जमाबंदी आवेदिका के नाम से खोलते हुए शुद्धि पत्र एवं ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करना सुनिश्चित किया जाय। लेखापित एवं संशोधित Km 20/01/21 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग) Km 20/01/21 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग) ज्ञापांक 54/भू0 बरही, दिनांक 21/01/2021 प्रतिलिपिः– अंचल अधिकारी, बरकट्ठा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। Km 20/01/21 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग)	

D:\LRDC new\Mutation Appel.docx